सर्कारी प्रौढ़शाला - अंगोंडहल्लि, मुलबागल-ता, कोलार-जिला।

कक्षा: 8 वीं **प्रथम योगात्मक परीक्षा, सितंबर - 2019**

समय: 1 $^1/_2$ **घंटा** **विषय: तृतीय भाषा हिंदी** **अंक :** 40

I. निम्न लिखित प्रश्नों के लिए चार विकल्प दिये गये हैं उनमें से सही उत्तर चुनकर लिखिए: 4x1=4

1. 'भाई' शब्द का अन्य लिंग रूप है -
   अ) बहन आ) भैया इ) दादा ई) चाची
2. 'नदी' शब्द का अन्य वचन रूप है -
   अ) नदीएँ आ) नदि इ) नदियाँ ई) इनमें कोई नहीं
3. 'चढ़ना' का विलोम शब्द है -
   अ) चढ़ना आ) उतरना इ) उठना ई) चढ़ा देना
4. 'संसार' शब्द का समानार्थक रूप है -
   अ) परिवार आ) घरवाले इ) निःसार ई) दुनिया

II. अनुरूपता के अनुसार तीसरे शब्द का संबंध लिखिए: 2x1=2

5. प्रथम हिंदी पत्रिका : उदंत मार्तांड :: प्रथम कन्नड पत्रिका : ____________________
6. गिरकर : चलना सीखा :: रो-रोकर : ____________________

III. निम्न प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए: 3x1=3

7. बिल्ली क्या लेकर आई**?**
8. मेजर ने किसके पैर छूकर प्रणाम किया?
9. दूध कहाँ फैल गया?

IV. निम्न प्रश्नों का उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए: 4x2=8

10. भोलू क्यों गबरा गया?
11. सुधा कितने दिन की छुट्टी माँग रही थी और क्यों?
12. गांधीजी पर नाटकों का प्रभाव कैसे पड़ा?
13. शिक्षा कविता के अंतिम चार पंक्तियों का सार क्या है?

V. निम्न प्रश्नों का उत्तर चार वाक्यों में लिखिए: 5x3=15

14. युद्ध भूमि को जाते हुए पुत्र को आशिर्वाद देते हुए माँ ने क्या कहा?
15. आजकल के कन्नड, हिंदी और अंग्रेज़ी भाषाओं के समाचार पत्रों की सूची बनाइए।
16. बंदर ने रोटी का बँटवारा कैसे किया?
17. महात्मा गांधीजी के पाठ से हमें क्या सीख मिलती है?

Use E-Papers, Save Trees
Above line hide when print out

18. निम्न में से किसी एक पद्यभाग को पूर्ण कीजिए।

सच बोलें _______________	**अथवा**	मिट-मिटकर ______________
_______ बातों को बिसराएँ ॥		_____________ बहना सीखा ।

VI. 19. **निम्न गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों का उत्तर लिखिए:** **2x1=2**

मोर भारत देश का राष्ट्रीय पक्षी है। इसकी पंखें रंग-बिरंगी होती हैं। मोरों का नृत्य मनमोहक और आकर्षक होता है।

अ) भारत का राष्ट्रीय पक्षी कौन-सा है?

आ) मोरों का नृत्य कैसा होता है?

VII. कन्नड में अनुवाद कीजिए: **1x2=2**

20. महात्मा गांधी महान पुरुष थे। वे भरत के राष्ट्रपिता हैं। वे त्याग और तपस्या की मूर्ति थे।

VIII. 21. **दो दिनों की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधान अध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए:** **1x4=4**

Use E-Papers, Save Trees
Above line hide when print out